# एमपी में शुरू होगा एआई मिशन

**फैक्ट्स**
- एआई से तेज, पारदर्शी और डेटा आधारित होंगी सेवाएं
- स्टेट की एआई मिशन से बदलेगी शासन व्यवस्था
- किसानों, युवाओं और ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

**भोपाल, 21 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से स्टेट एआई मिशन जल्द शुरू किया जाएगा. यह मिशन प्रदेश में सुशासन और विकास को नई गति देने में अहम भूमिका निभाएगा.**

सीएम ने बताया कि यह मिशन राज्य के एआई विजन और एक्शन फ्रेमवर्क पर आधारित होगा, जिसके जरिए शासन व्यवस्था को प्रेडिक्टिव, प्रोएक्टिव और डेटा-ड्रिवन बनाया जाएगा. एआई तकनीकों का उपयोग ह्यूमन-इन-द-लूप के साथ किया जाएगा, जिससे सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके. मिशन के तहत कृषि, स्वास्थ्य, पोषण और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में संभावित जोखिमों की पहले से पहचान संभव होगी. इससे प्रशासनिक निर्णय अधिक सटीक और प्रभावी बनेंगे. अधिकारियों को डेटा मैनेजमेंट, विश्लेषण और निर्णय समर्थन के लिए आधुनिक एआई टूल्स भी उपलब्ध कराए जाएंगे.

इस योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा. वर्ष 2026-27 में आधारभूत तैयारियां की जाएंगी, 2027-28 में सफल प्रयोगों को विभिन्न विभागों में लागू किया जाएगा, जबकि 2028 से इसे स्थायी संस्थागत क्षमता के रूप में विकसित किया जाएगा.

प्रदेश में पहले से ही एआई आधारित कई पहलें चल रही हैं. एमपी ई-सेवा और संपदा 2.0 जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए फेस रिकग्निशन और रियल-टाइम ट्रैकिंग से सेवाओं को पारदर्शी बनाया जा रहा है. वहीं एआई आधारित गिरदावरी प्रणाली से फसल आकलन और भूमि संबंधी कार्यों में सटीकता आई है.

सरकार का उद्देश्य एआई को आम जनता तक सुलभ बनाना है, ताकि किसानों, युवाओं और वंचित वर्गों को इसका सीधा लाभ मिल सके. इसके साथ ही स्टार्टअप, शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के साथ मिलकर मजबूत एआई इकोसिस्टम तैयार किया जाएगा. राज्य सरकार का लक्ष्य 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' के सिद्धांत पर चलते हुए एआई को जनहित का मजबूत माध्यम बनाना है, जिससे प्रदेश में समावेशी और उत्तरदायी विकास सुनिश्चित हो सके.

## सीएम ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला से की भेंट



**भोपाल, 21 मार्च.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जयपुर प्रवास के दौरान शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सौजन्य भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंग वस्त्रम् से ओम बिरला का स्वागत किया. इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उद्योग निवेश संवर्धन कार्यक्रम में जयपुर पधारने के लिए आभार व्यक्त किया. उन्होंने पत्रिका समूह के स्वर्गीय कर्पूर चंद कुलिश के जन्म शताब्दी समापन समारोह में हिस्सा लेने के लिए मध्यप्रदेश से मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के जयपुर आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका भी स्वागत किया.

## ओलावृष्टि व असमय बारिश से नुकसान का सर्वे शुरू

**बड़वानी.** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के आकलन के लिए प्रशासन ने सर्वे कार्य शुरू कर दिया है. अधिकृत जानकारी के अनुसार कलेक्टर जयति सिंह के निर्देश पर राजस्व, कृषि और उद्यानिकी विभाग की संयुक्त टीमें प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर खेतों का निरीक्षण कर रही हैं. बड़वानी, अंजड़, ठीकरी और पानसेमल तहसीलों में मक्का के अलावा केला और पपीता की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है. संयुक्त दलों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सरपंचों के साथ विभिन्न गांवों में सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया है.

# प्रदेश में बारिश-ओलों से बदला मौसम

## कई जगह ओले ; खजुराहो में सबसे ज्यादा वर्षा

**30 से ज्यादा जिलों में बारिश दर्ज**



**भोपाल, 21 मार्च. मध्य प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिला है. प्रदेश के 30 से अधिक जिलों में बारिश दर्ज की गई, जबकि कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने असर दिखाया.**

इस बदलाव से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों के लिए चिंता बढ़ गई है. मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, शहडोल, जबलपुर, ग्वालियर, चंबल, रीवा और सागर संभाग के अधिकांश जिलों में बारिश हुई. सबसे अधिक वर्षा खजुराहो एयरपोर्ट पर 59.6 मिमी दर्ज की गई. इसके अलावा बक्सवाहा में 44 मिमी, छतरपुर में 33.1 मिमी, राजनगर में 32.4 मिमी और मोहंगढ़ में 30 मिमी बारिश हुई. ओलावृष्टि का असर शिवपुरी, ग्वालियर, रायसेन, विदिशा, सागर, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह और पन्ना जिलों में देखा गया है.

> इन क्षेत्रों में फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है. तेज हवाओं ने स्थिति को और गंभीर बना दिया, जहां कटनी में 67 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं. बारिश के साथ ही तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है. ग्वालियर, चंबल, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में दिन का तापमान 6 से 8 डिग्री तक गिरा, जबकि भोपाल, उज्जैन और जबलपुर में 2 से 3 डिग्री की कमी आई. प्रदेश में अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस खजुराहो में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री कटंगी (कटनी) में रिकॉर्ड हुआ.

# एनएच-752डी परियोजना को 21 निविदाओं का जोरदार प्रतिसाद

**88 कि.मी मार्ग का होगा चार-लेन विस्तार**

**भोपाल, 21 मार्च. मध्य प्रदेश में सड़क अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी पहल के तहत एनएच-752 डी परियोजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है.**

लगभग 3,839.42 करोड़ की लागत से बनने वाली इस परियोजना को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के तहत क्रियान्वित किया जाएगा. इस परियोजना के तहत बदनावर से टिमरवानी तक 88.33 किलोमीटर लंबे मार्ग को चार-लेन में विकसित किया जाएगा. नए री-एलाइनमेंट के बाद इसकी लंबाई घटकर 80.45 किमी रह जाएगी, जिससे करीब 7.88 किमी दूरी कम होगी और यात्रा समय में लगभग एक घंटे की बचत होगी. यह कॉरिडोर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जुड़कर पूर्व-पश्चिम आर्थिक गलियारे के रूप में कार्य करेगा. इससे माल परिवहन तेज होगा और लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी, जिससे उद्योगों को लाभ मिलेगा. परियोजना से धार जिले में विकसित हो रहे पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क को भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे. साथ ही यह मार्ग जनजातीय क्षेत्रों को जोड़ते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार तक पहुंच को आसान बनाएगा.

# न्यायालय में बमबाजी करने वाले गिरफ्तार

**जबलपुर, 21 मार्च. जिला न्यायालय में सुतली बम फोडकर न्यायालयीन कार्य में बाधा डालने वाले पांच आरोपियों को ओमती पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**



पकड़े गए आरोपियों में तनमय पिता अमित राजपूत 19 वर्ष निवासी शंकर नगर थाना माढोताल, अनूप श्रीपाल पिता रघुनाथ 18 वर्ष निवासी शिव शक्ति नगर चुंगी नाका थाना माढोताल, अनुज राजपूत पिता सुरेश 20 वर्ष निवासी मदर टेरेसा पैट्रोल पंप के पास थाना माढोताल, परोक्ष उर्फ दक्ष पिता राकेश राजपूत 18 वर्ष निवासी रामनगर कालोनी मझौली हाल कालीमाता मंदिर के पास थाना विजय नगर, पंकज राजपूत पिता हेमराज राजपूत 28 वर्ष निवासी शंकर नगर पेट्रोल पंप के पास करमेता थाना माढोताल शामिल है. पंकज पर रासका की भी कार्रवाई की गई.

> पूछताछ में अनूप श्रीपाल, अनुज राजपूत, तनमय ने बताया कि साथी कृष्णा ठाकुर के साथ अन्य आरोपी पंकज राजपूत एवं मनीष अहिरवार के साथ मिलकर जिला न्यायालय में तेज आवाज का फटाखा फोडकर न्यायालयीन कार्य में बाधा उत्पन्न करना स्वीकार किये प्रकरण में चारों आरोपी की विधिवत गिरफ्तारी की गई 4 आरोपियो को न्यायालय में पेश कर केंद्रीय जेल दाखिल किया गया. मामले के अन्य आरोपी पंकज राजपूत पिता हेमराज राजपूत 28 वर्ष निवासी शंकर नगर पेट्रोल पंप के पास करमेता थाना माढोताल को थाना माढोताल पुलिस द्वारा पकडा गया जिसे थाना ओमती के उपरोक्त अपराध में विधिवत गिरफ्तार किया गया.

# शिवपुरी में मेगा स्वास्थ्य शिविर का मंत्रियों ने किया निरीक्षण


**शिवपुरी, 21 मार्च. मध्यप्रदेश के शिवपुरी में आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर का प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया.**

दोनों मंत्रियों ने मेडिकल कॉलेज के पास लगाए गए शिविर में पहुंचकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों से सीधे संवाद किया और उन्हें मिल रही उपचार सुविधाओं, दवाइयों तथा जांच व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की. उन्होंने शिविर में मरीजों के पंजीयन, परीक्षण, दवा वितरण और आवागमन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया. एक मरीज द्वारा जांच संबंधी शिकायत मिलने पर उसके निराकरण के निर्देश भी दिए गए. मंत्रियों ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर वहां रेफर किए गए मरीजों के उपचार की स्थिति की भी जानकारी ली और चिकित्सकों एवं कर्मचारियों से चर्चा की. यह स्वास्थ्य शिविर स्वर्गीय माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन, रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन तथा जिला प्रशासन के सहयोग से 17 से 24 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें शिवपुरी, गुना और अशोकनगर जिलों के मरीजों को देश के विभिन्न सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है.

# रीवा से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा को झटका

## हाईकोर्ट ने चुनाव याचिका खारिज करने से किया इंकार

**जबलपुर, 21 मार्च. रीवा जिला की सेमरिया विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा को हाईकोर्ट से झटका लगा है. उनके निर्वाचन को चुनौती देते हुए दायर की गयी चुनाव याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज करने से इंकार कर दिया है.**



हाईकोर्ट जस्टिस विनय सराफ की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि याचिका में उठाये गये मामले को ट्रायल के दौरान ही तथ्यो व साक्ष्यो पर परखा जा सकता है. रीवा जिला की सेमरिया विधानसभा सीट पर साल 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के पराजित उम्मीदवार के पी त्रिपाठी ने निर्वाचित कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा के निर्वाचन को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की थी. कांग्रेस विधायक ने चुनाव याचिका खारिज किये जाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में आवेदन दायर किया था. आवेदन की सुनवाई के दौरान एकलपीठ ने पाया कि याचिकाकर्ता का आरोप है कि निर्वाचित विधायक के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज है. उन्होने अपने चुनाव के हलफनामा में कोई अपराध दर्ज होने की जानकारी नहीं दी है. इस संबंध में याचिकाकर्ता ने सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी प्रस्तुत की थी. अनावेदक विधायक की तरफ से तर्क प्रस्तुत किया गया कि निर्वाचन पत्र प्रस्तुत करते हुए उनके खिलाफ कोई अपराधिक प्रकरण लंबित नहीं था.

> याचिकाकर्ता की तरफ से यह भी आरोप लगाये गये कि निर्वाचित विधायक ने अपने हलफनामा में आर्थिक जानकारी भी छुपाई है. उनके नाम पर एचडीएफसी बैंक में 50 लाख 87 लाख रुपये का लोन बकाया है. अनावेदक विधायक की तरफ से तर्क दिया गया कि लोन मेसर्स अभय मिश्रा कॉन्ट्रैक्टर ने नाम पर लिया था. अनावदेक निर्वाचित विधायक उसके पार्टनर थे परंतु 2008 में रिटायर हो गये थे. एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि बैंक स्टेटमेंट की कॉपी में अनावेदक अभय मिश्रा का नाम बॉरोअर के तौर पर दिखाया गया है. याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि अनावेदक विधायक ने अपने नॉमिनेशन फॉर्म में आय का स्त्रोत पेंशन व सैलरी बताया था.

# 6 ट्रेनों का बदला अस्थायी ठहराव

## भोपाल से चलने वाली ट्रेनों का रांची रोड, पतरातू में स्टॉप

**भोपाल, 21 मार्च. भोपाल मंडल से होकर संचालित होने वाली 6 प्रमुख ट्रेनों के ठहराव में बदलाव किया गया है. गाड़ी संख्या 19607/ 19608 (कोलकाता-मदार जंक्शन एक्सप्रेस), 19413/ 19414 (अहमदाबाद- कोलकाता एक्सप्रेस) और 13025/ 13026 (हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस) का अस्थायी ठहराव अब बड़काकाना स्टेशन के स्थान पर रांची रोड और पतरातू स्टेशन पर किया जाएगा.**

नई व्यवस्था के तहत 19607 कोलकाता-मदार जंक्शन एक्सप्रेस रांची रोड स्टेशन पर रात 20:00 बजे और पतरातू में 20:40 बजे पहुंचेगी, जो 22 मई 2026 से प्रभावी होगी. वहीं 19608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस रांची रोड पर सुबह 06:50 बजे और पतरातू में 05:55 बजे पहुंचेगी, जिसका प्रभाव 26 मई 2026 से रहेगा. इसी तरह 19413 अहमदाबाद- कोलकाता एक्सप्रेस और 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस का समय रांची रोड पर 06:50 और पतरातू में 05:55 बजे निर्धारित किया गया है, जो 21 मई 2026 से लागू होगा. जबकि 19414 कोलकाता- अहमदाबाद एक्सप्रेस और 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस रांची रोड पर शाम के समय और पतरातू में निर्धारित समयानुसार पहुंचेगी.

# निरीक्षण में राशन दुकान की खुली पोल

- लक्ष्मी मार्केट जयंत में अव्यवस्था उजागर
- स्टॉक में भारी गड़बड़ी, कोटेदार को नोटिस



**सिंगरौली, 21 मार्च. जिले के जयंत स्थित गोल लक्ष्मी मार्केट की उचित मूल्य राशन दुकान में शनिवार को प्रभारी मंत्री संपतिया उईके के औचक निरीक्षण में भारी अनियमितताएं उजागर हुई.**

निरीक्षण के दौरान दुकान में साफ-सफाई का अभाव, अव्यवस्थित रख-रखाव और वितरण प्रणाली में खामियां सामने आईं, जिस पर मंत्री ने कोटेदार को जमकर फटकार लगाई. मंत्री के सामने ही हितग्राहियों ने भी राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत की, जिससे पूरी व्यवस्था की हकीकत सामने आ गई. मामले के तूल पकड़ने के बाद खाद्य विभाग हरकत में आया और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच कराई गई. जांच में पाया गया कि स्टॉक रजिस्टर अद्यतन नहीं था और पीओएस मशीन के आंकड़ों व वास्तविक स्टॉक में बड़ा अंतर था. रिपोर्ट के अनुसार चावल, गेहूं और नमक की मात्रा में भारी कमी मिली. इसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली के नियमों का उल्लंघन माना गया है. जिला आपूर्ति अधिकारी ने विक्रेता रमेश गुप्ता और सहायक विक्रेता अंबिका प्रसाद शाह को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं.

## प्लास्टिक से भरे ट्रक में लगी आग

**मुरैना.** मुरैना स्थित छोदा टोलप्लाजा के समीप आज सुबह रद्दी और प्लास्टिक से भरे हुए एक ट्रक ने अचानक लगी भीषण आग से मौके पर अफरातफरी मच गई. रद्दी और प्लास्टिक से भरा हुआ एक ट्रक मुरैना के समीप ग्राम छोदा टोलप्लाजा के समीप खड़ा हुआ था. उसमें अचानक भीषण आग लग गई. ट्रकचालक ने सूझबूझ दिखाते हुए जलते हुए ट्रक को आबादी और अन्य खड़े हुए वाहनों से दूर ले जाकर खड़े करने का प्रयास किया जिससे कोई जानमाल की क्षति न हो. इसी दौरान ट्रक अचानक पलट गया, जिससे वहां अफरातफरी मच गई. आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, परंतु तब तक ट्रक जलकर राख में तब्दील हो चुका था.

# रीवा मेडिकल कॉलेज में डिजिटल लाइब्रेरी शुरू

## बैठक में भर्ती प्रक्रिया तेज करने के दिए निर्देश

**रीवा में चिकित्सा सुविधाओं का तेजी से हो रहा विस्तार**



**भोपाल, 21 मार्च. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में श्यामशाह मेडिकल कॉलेज रीवा की सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई. बैठक में उन्होंने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए, ताकि नए विभागों का संचालन शीघ्र शुरू हो सके.**

उन्होंने बताया कि रीवा में चिकित्सा सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है. सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 13 किडनी ट्रांसप्लांट और 36 ओपन हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक होना बड़ी उपलब्धि है. कैंसर यूनिट भवन का निर्माण पूर्ण होने के बाद दो माह में आधुनिक उपचार सुविधाएं शुरू होंगी, जहां 200 बेड की व्यवस्था होगी और लीनेक व पेट स्कैन मशीनें भी स्थापित की जाएंगी.

बैठक के दौरान मेडिकल कॉलेज में प्रदेश की पहली डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ भी किया गया, जिसमें 5 हजार किताबें और 4 लाख प्रश्न-उत्तर डिजिटल रूप में उपलब्ध हैं. विद्यार्थी एक साथ ऑनलाइन अध्ययन कर सकेंगे और घर से भी इसका लाभ उठा पाएंगे.

> उप मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने, लंबित बिलों का भुगतान करने और मेडिकल कॉलेज की अधोसंरचना मजबूत करने के निर्देश दिए. साथ ही अस्पतालों में साफ-सफाई और सुविधाओं के सुधार पर विशेष ध्यान देने को कहा. बैठक में जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे.

**अवसर** | पटवारी ने सबसे गले मिलकर प्रदेश और देश में शांति, सौहार्द और भाईचारे की कामना की

# ईद-उल-फितर पर पटवारी ने दी मुबारकबाद



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 21 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर भोपाल स्थित ईदगाह पहुंचकर नमाज अदा करने आए मुस्लिम समाज के लोगों को मुबारकबाद दी. उन्होंने उपस्थित लोगों से गले मिलकर प्रदेश और देश में शांति, सौहार्द और भाईचारे की कामना की.**

इसके बाद जीतू पटवारी ने भोपाल में विधायक आरिफ मसूद और आतिफ अकील के निवास पर पहुंचकर उनके परिजनों को भी ईद की शुभकामनाएं दीं और उत्सव में सहभागिता की.

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता फूल सिंह बरैया, पूर्व मंत्री पी. सी. शर्मा, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, भोपाल शहर जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनोखी पटेल तथा वरिष्ठ नेता अरुण श्रीवास्तव सहित अन्य नेता मौजूद रहे.

> इस अवसर पर जीतू पटवारी ने कहा कि रमजान माह के समापन पर मनाया जाने वाला यह पर्व प्रेम, एकता और आपसी सम्मान का संदेश देता है. उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज द्वारा अदा की जाने वाली नमाज शांति और एकजुटता का प्रतीक है, जो भारत की विविधता में एकता की समृद्ध परंपरा को दर्शाती है. उन्होंने कहा कि देश की साझा सांस्कृतिक विरासत ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है.

## पेज एक का शेष

### मध्यप्रदेश से जुड़िए : डॉ. यादव

का विकसित टेक्सटाइल, जेम्स-एंड-ज्वेलरी और मध्यप्रदेश की ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादन क्षमता, टेक्सटाइल पार्क एवं मजबूति मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम मिलकर एक सशक्त वैल्यू चैन तैयार कर सकते हैं. मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच पार्वती-कालीसिंध-चंबल राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है. ये परियोजना दोनों राज्यों की तस्वीर और तकदीर बदलेगी. लगभग 1 लाख करोड़ की इस परियोजना में दोनों राज्यों को मात्र 5-5 प्रतिशत राशि देनी होगी. इसकी 90 प्रतिशत लागत भारत सरकार देगी. उन्होंने कहा है कि दोनों राज्यों के बीच रोटी-बेटी का संबंध रहा है और अब पानी का संबंध भी बन गया है. **ये रहे मौजूद:** कार्यक्रम में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन तथा एमएसएमई के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह, राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रेसिडेंट डॉ. केएल जैन, इन्सुलेशन एनर्जीस के चेयरमैन मनीष गुप्ता, राजस्थान एंजल्स ग्रुप के चेयरमैन महावीर प्रताप शर्मा, राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से पदाधिकारी एनके, ओंकार बागेरिया, एमपीआईडीसी के प्रबंध संचालक चंद्रमौली शुक्ला सहित प्रमुख उद्योगपति विशेष रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय संस्था लघु उद्योग भारती की राजस्थान इकाई के सभी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया.

### सीएनजी कार में आग से डॉक्टर की पत्नी की मौत

चनाटोरिया स्थित टोल टैक्स प्लाजा के नजदीक कोहरा होने के कारण कार बहक गई और सड़क से नीचे उतर गई. कार में सवार दो युवकों ने धक्का मारकर धकेलने का प्रयास किया गया. इसी समय कार में आग लग गई और ब्लास्ट हो गया. जैसे-तैसे नीलेश को बाहर निकाला गया. पीछे की सीट पर लेटी पत्नी को निकालते समय उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार डॉ. नीलेश सिमरिया चौकी बलेह का निवासी है और गढ़ाकोटा मे निजी क्लीनिक संचालित करता है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14